हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 254 देहरादून, मंगलवार, 04 अप्रैल, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



मुख्यमंत्री ने की लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से शिष्टाचार भेंट 3

# सर्वश्रेष्ठ प्रधानमंत्री का आशीर्वाद, परिश्रमी मुख्यमंत्री का प्रयास, उत्तराखंड विकास का यही आधार

## मुख्यमंत्री धामी ने प्रधानमंत्री मोदी को दिया चारधाम यात्रा का न्यौता

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

दिल्ली / देहरादून , 4 अप्रैल , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट करते हुए राज्य के विकास हेतु जमरानी बांध परियोजना की स्वीकृति सहित विभिन्न परियोजनाओं एवं पूंजीगत परियोजनाओं के लिए विशेष सहायता योजनाओं के लिए व्यापक सहयोग प्रदान करने पर प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया।







सीएम धामी ने राज्य को G 20 की तीन महत्वपूर्ण बैठकों का दायित्व दिए जाने पर धन्यवाद देते हुए कहा कि रामनगर में मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार के वर्किंग ग्रुप की बैठक सफलतापूर्वक आयोजित की गई। मुख्यमंत्री ने प्रधानमन्त्री को चारधाम यात्रा, आदि कैलाश और लोहाघाट स्थित मायावती आश्रम के लिए आमंत्रित किया। प्रधानमंत्री के साथ लगभग एक घंटे तक चली बैठक में मुख्यमंत्री ने राज्य के विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की और प्रधानमंत्री का मार्गदर्शन लिया।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को चमोली के जोशीमठ क्षेत्र में भूधंसाव से प्रभावितों को राहत और विस्थापन कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि भूस्खलन एवं भू-धसाव हेतु आर्थिक पैकेज रू० 2942.99 करोड़ की आवश्यकता है। राज्य सरकार द्वारा उत्तराखण्ड लैंडस्लाइड मिटिगेशन एण्ड मैनेजमेंट सेंटर स्थापित किया गया है, जो सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर भूमि धसाव सुधार एवं प्रबंधन पर सलाह देगा। सेंटर ने जोशीमठ में कार्य करना आरम्भ कर दिया है, इसके द्वारा प्रभावित भू धसाव, आपदा प्रभावित जोखिम क्षेत्र का रोडमैप तैयार कर दिया गया हैमुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से जमरानी बांध बहुउद्देशीय परियोजना की वित्तीय स्वीकृति आर्थिक मामलों की कैबिनेट कमेटी से भी कराए जाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने हरिद्वार से वाराणसी के लिए वन्दे भारत रेल सेवा शुरू किए जाने का भी आग्रह करते हुए कहा कि इससे श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बड़ी सुविधा मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने राज्य की नई पर्यटन नीति की जानकारी देते हुए कहा कि काशी विश्वनाथ तथा उज्जैन महाकाल कॉरिडोर की भांति हर की पैड़ी हरिद्वार तथा ऋषिकेष कॉरिडोर पर कार्य किया जा रहा है। जनपद चमोली में माणा गांव से 5 कि०मी० की दूरी पर अवस्थित मूसापानी स्थल को नाडावेट (गुजरात) की तर्ज पर विकसित किये जाने हेतु चिन्हित किया गया है। केदारनाथ धाम और बद्रीनाथ धाम के पुनर्विकास कार्यों की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि चारधाम धार्मिक पर्यटन की भांति कुमाऊं क्षेत्र में स्कन्द पुराण में उल्लेखित मानसखण्ड मंदिर माला मिशन के अन्तर्गत सर्किट के रूप में 48 मंदिरों तथा गुरूद्वारों को चिन्हित किया गया है। जिसमें प्रथम चरण में 16 मंदिरों का सर्किट बनाने हुये अवस्थापना विकास किया जाना प्रस्तावित है।

## राज्यपाल ने दी प्रदेशवासियों को महावीर जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने प्रदेशवासियों को महावीर जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर ने सत्य, अहिंसा व प्राणी मात्र के प्रति दया भाव की शिक्षा दी, जो आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर के जीवन आदर्शों से हमें सभी जीवों के प्रति संवेदना, प्रेम करुणा का भाव रखते हुए सदाचारी जीवन यापन की शिक्षा मिलती है। भगवान महावीर की जयंती के मौके पर हमें समाज में शांति, समरसता और सद्भावना विकसित करने का दृढ़ संकल्प लेना चाहिए।

## तीर्थयात्रियों की हर सुविधा का ख्याल रखेगी सरकार : चंदन रामदास

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ऋषिकेश। परिवहन मंत्री चंदन रामदास ने कहा कि चारधाम यात्रा के लिए आने वाले तीर्थयात्रियों की हर सुविधा का ख्याल रखा जाएगा। यात्रा में बसों की कमी दूर करने के लिए इस बार बाहरी राज्यों की 350 बसें आरक्षित की जाएगी। प्रत्येक चेक पोस्ट पर हाईटेक यात्री सुविधा केंद्र बनाए गए हैं, ताकि वाहन चेकिंग के दौरान श्रद्धालुओं को किसी तरह की दिक्कत नहीं हो।

सोमवार को एआरटीओ परिसर में नवनिर्मित वातानुकूलित यात्री प्रतीक्षालय के लोकार्पण के दौरान परिवहन मंत्री चंदन रामदास ने यह बात कही। कहा कि चारधाम यात्रा हमारे लिए एक बड़ी चुनौती है। बीते वर्ष 47 लाख श्रद्धालु यहां आए थे। इस बार यह संख्या 50 लाख को पार करने का अनुमान है। लिहाजा तीर्थयात्रियों की संभावित भीड़ को देखते हुए राज्य सरकार ने व्यवस्थाएं चाकचौबंद रखने की तैयारी शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष अत्याधिक भीड़ के कारण बसों की की परेशानी उठानी पड़ी थी। इस बार बसों की कमी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने वाहनों में लगने वाले उपकरण के महत्व की भी जानकारी दी। कहा कि 12 अप्रैल को सभी परिवहन कंपनियों और एजेंसियों के साथ बैठक कर आवश्यक तैयारी पूरी कर ली जाएगी। तीर्थयात्रियों के स्वास्थ्य का जिम्मा राज्य के स्वास्थ्य विभाग पर रहेगा। यात्रियों की जान माल की सुरक्षा पहली प्राथमिकता रहेगी।



मेयर अनिता ममगाईं ने कहा कि ऋषिकेश में नगर निगम प्रशासन यात्री सुविधाओं में किसी तरह की कमी नहीं रखेगा। मौके पर आरटीओ दून सुनील शर्मा, एआरटीओ प्रशासन अरविंद पांडेय, एआरटीओ प्रवर्तन मोहित कोठारी, कर अधिकारी अनिल कुमार, रोटेशन अध्यक्ष संजय शास्त्री, कार्यकारी अध्यक्ष मनोज ध्यानी, भाजपा जिलाध्यक्ष रविंद्र राणा, मंडलाध्यक्ष सुमित पंवार, प्यारेलाल जुगरान, यशपाल राणा, योगेश उनियाल, विनोद भट्ट आदि मौजूद रहे।


# ent sister in Japan यहाँ किराए की बहन करती हैं हिकिकोमोरी का इलाज़

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 4 अप्रैल , आज के भागा-दौड़ लाइफ ने इंसान को अकेला रहने पर मजबूर कर दिया है। लोग पैसे कमाने के चक्कर मे अपने परिवार से दूर रहता है। हालांकि परिवार से दूरी के बाद कई बात काम का ज्यादा लोड होने से लोग डिप्रेशन का शिकार हो जाते है। लेकिन एक देश ऐसा है जहां एक ऐसी बीमारी ने अपनी घर बना लिया है जिससे लोग किराए पर बहने देने लगे है अब ये क्या है चलिए आपको बताते है।

दरअसल कई बार तो युवा अपने गैजेट और इंटरनेट के चक्कर में खुद को एक कमरे में सीमित कर लेते हैं जिसके चलते उन्हें अवसाद की समस्या खड़ी हो जाती है। ऐसे ही लोगों की मदद के लिए जापान (Rent sister in Japan) में खास सर्विस मुहैया कराई जाती है जिसके तहत लोग किराए पर बहनें ले सकते हैं। बता दें कि हिकिकोमोरी जापानी युवाओं की एक सामाजिक समस्या है, जिसमें युवाओं को अकेले होकर घर से बाहर नहीं निकलने देते। यह समस्या आमतौर पर अधिकतर युवाओं को होती है, जो लंबे समय तक अपने कमरे में बैठे रहते हैं और समाज से अलग हो जाते हैं। यह





समस्या जापान में अधिक मात्रा में होती है।

जापान में रेंट पर बहनें देने की सेवाएं शुरू की गई हैं ताकि हिकिकोमोरी युवाओं को एक बेहतर जीवन जीने के लिए मदद मिल सके। ये सेवाएं युवाओं को एक छोटे घर किराए पर देती हैं, जिसमें वे अपने आप को सुरक्षित महसूस कर सकते हैं और दुनिया से जुड़े रह सकते हैं। इसके साथ ही, इन सेवाओं के माध्यम से उन्हें समाज में शामिल होने की मदद भी मिलती है।

**क्या है हिकिकोमोरी ?**

हिकिकोमोरी एक ऐसी स्थिति होती है, जिसमें व्यक्ति अपने आस-पास के सामाजिक माहौल से दूर रहते हुए लंबे समय तक अपने कमरे में बैठा रहता है। इस समस्या से जूझने वाले व्यक्ति के पास सामाजिक संबंध बनाने की क्षमता कम होती है और उन्हें नकारात्मक विचारों और तनाव से जूझना पड़ता है। यह समस्या अक्सर नवयुवकों में देखी जाती है जो अपने आप से डरते हैं या उन्हें सामाजिक माहौल में जाने से डर लगता है।

**हिकिकोमोरी का मुख्य कारण निम्नलिखित हो सकते हैं:**

शिक्षा या पेशेवर दबाव से परेशान होनाघराने में झगड़ों के कारणअकेलेपन या अलगाव से परेशान होनासामाजिक घटनाओं से डर या उनसे परेशान होनामानसिक समस्याओं के कारण

# अब देहरादून में लीजिये पहाड़ी रसोई का लुत्फ़

## स्वास्थ्य की दृष्टि से मिलेट बेहद लाभदायक : गणेश जोशी



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 4 अप्रैल , कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून सहस्त्रधारा रोड उपासक भवन में उत्तराखंड की पहाड़ी रसोई का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मंत्री गणेश जोशी ने सरस्वती जाग्रति स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष एवम् उत्तराखंड की पहाड़ी रसोई की ऑनर पूजा चौहान को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा इस रसोई में अधिकतर व्यंजन मिलेट से तैयार किए गए हैं। जिसको प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ' श्री अन्न ' नाम दिया है। मंत्री गणेश जोशी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह प्रस्ताव रखा तो 72 देशों ने उसका समर्थन किया था।

उन्होंने कहा मिलेट के प्रोत्साहन के लिए राज्य सरकार ने बजट में ₹73 करोड़ का प्रावधान किया गया है। मंत्री जोशी ने कहा उत्तराखंड देश का पहला राज्य है जिसने मंडवे का एमएसपी ₹35.78 तय किया है। ताकि किसानों की आय बढ़े। मंत्री ने कहा स्वास्थ्य की दृष्टि से मिलेट बेहद लाभदायक है। मंत्री जोशी ने कहा कि हमने यह भी तय किया है कि सरकारी कार्यक्रमों में मिलेट के व्यंजन बनाए जाएं। मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में निरंतर अग्रसर है। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल, निरंजन डोभाल, पूजा चौहान सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### नए जिलाध्यक्ष के स्वागत में कांग्रेसियों निकाली बाइक रैली

ऋषिकेश। कांग्रेस के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मोहित उनियाल ने कहा कि कांग्रेस गरीबों, किसानों और दलितों की हितैषी है। भाजपा राज में जनता महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से परेशान है। इसके खिलाफ जल्द ही जन आंदोलन और जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मोहित उनियाल के स्वागत के लिए बाइक रैली का आयोजन किया। जौलीग्रांट अठूरवाला शहीद द्वार से शुरू हुई बाइक रैली विभिन्न मार्गो से होते हुए कुड़कावाला स्थित शारदा वेडिंग प्वाइंट पर संपन्न हुई। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मोहित उनियाल ने कहा कि उन्होंने एनएसयूआई से शुरूआत की थी। इसमें उन्हें जिले, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर कई राज्यों के प्रभारी रहने का भी मौका मिला। कहा कि ऐतिहासिक भारत जोड़ो यात्रा में उन्हें राहुल गांधी के साथ कन्याकुमारी से कश्मीर तक 3700 किमी पद यात्रा में रहकर देश को समझने का मौका मिला। अब उन्हें कांग्रेस ने परवादून जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। कहा कि अपने राजनीतिक जीवन में उन्होंने कई चुनौतियों का सामना किया है। परवादून जिले में बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता में रहेगा। जल्द ही ब्लॉक, नगर और जिला कमेटियों की घोषणा करने के साथ संगठन का विस्तार किया जाएगा। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार व अन्य जन मुद्दों को लेकर सडक़ पर जोरदार संघर्ष करने के साथ लोगों के बीच जाकर नुक्कड़ सभाओं का आयोजन और जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। स्वागत कार्यक्रम में डोईवाला गन्ना समिति अध्यक्ष मनोज नौटियाल, प्रदेश सचिव सागर मनवाल, ईश्वर चंद्र पाल, अब्दुल रज्ज़ाक, फूल सिंह लोधी, हाजी अमीर हसन, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष महेश रावत, पन्नालाल गोयल, राजबीर खत्री, सुरेन्द्र करतार नेगी, महेंद्र भट्ट, सभासद गौरव मल्होत्रा, बलविंदर सिंह, राजेश गुरुंग, महेश लोधी, देवराज सावन, सुरेन्द्र सिंह खलासा, अनिल सैनी, पूर्व प्रधान उमेद बोरा, शंकर सिंह कनियाल, बाला देवी, कमलजीत कौर, प्रमोद कपरुवाण शास्त्री, राहुल सैनी, सावन राठौर, स्वतंत्र बिष्ट, आरिफ अली, शुभम काम्बोज, आशिक़ अली, साकिर अली आदि उपस्थित रहे।

### पेंशन सहित अन्य प्रमाण पत्रों के लिए लोगों ने किया आवेदन

ऋषिकेश। डोईवाला विकासखंड परिसर में जन समस्याओं के निस्तारण के लिए शिविर आयोजित हुआ। इसमें लोगों ने पेंशन, दिव्यांग प्रमाण पत्र सहित अन्य प्रमाण पत्रों के लिए अपने प्रपत्र जमा किए। सोमवार को डोईवाला विकासखंड परिसर में समस्या निवारण शिविर आयाजित हुआ। इसका संचालन डोईवाला एसडीएम शैलेंद्र सिंह नेगी की देखरेख में हुआ। शिविर में लोगों ने पेंशन, जन्म प्रमाण पत्र, मूल निवास सहित अन्य शिकायतें दर्ज करवाई। शिविर में 18 लोगों ने पेंशन के लिए वृद्धावस्था प्रमाण पत्र जमा किए, जबकि एक महिला ने विधवा पेंशन के लिए और 5 दिव्यांगों ने यूनिक आईडी बनाने के लिए अपने प्रपत्र जमा किए। वहीं पंचायत राज विभाग में परिवार रजिस्टर में नाम दर्ज कराने को लेकर 7 लोगों के आवेदन जमा किए। राजस्व विभाग में एक आय प्रमाण पत्र के लिए एक, दो निवास प्रमाण पत्र और दो जाति प्रमाण पत्र जारी किए गए। स्वास्थ्य केंद्र के स्टॉल पर बैठे स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों और आशा फैसिलिटेटर ने ओआरएस की 16 किट, आयरन की गोलियां जरूरतमंदों को बांटीं। वही दिव्यांगों के लिए 15 लोगों का पंजीकरण किया गया और दो दिव्यांगों को प्रमाण पत्र हुए। शिविर में समाज कल्याण विभाग से आकाशदीप, महेश प्रताप सिंह, तिरेपन सिंह, पंचायत राज विभाग से अजय पांडे, मुकेश कुकरेती, पूजा भारद्वाज, प्रवीण टम्टा, बाल विकास विभाग से अरविंदर कौर, सरोजिनी गौड़, सीता खत्री, अर्चना शर्मा, अंजू बिष्ट, अंजू देवी, रीता वर्मा, मीना देवी, सरिता, सुनीता, चेतना आदि उपस्थित रहे।

# राज्यपाल ने किया 'उत्तराखण्ड कॉलेज एफिलिएशन पोर्टल' का शुभारंभ

- उत्तराखण्ड के राजकीय विश्वविद्यालयों से सम्बद्ध महाविद्यालयों एवं संस्थानों की सम्बद्धता प्रक्रिया हुई ऑनलाइन।
- सम्बद्धता प्रक्रिया को पारदर्शी, समयबद्ध एवं सुगम बनाया जाना है उद्देश्य : राज्यपाल।



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। उत्तराखण्ड के राजकीय विश्वविद्यालयों से सम्बद्ध महाविद्यालयों एवं संस्थानों की सम्बद्धता प्रक्रिया को सुगम एवं प्रभावी बनाये जाने के दृष्टिगत राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने सोमवार को राजभवन में 'उत्तराखण्ड कॉलेज एफिलिएशन पोर्टल' का शुभारंभ किया। इस पोर्टल के शुभारंभ से सम्बद्धता देने वाले 05 विश्वविद्यालयों हेमवती नंदन बहुगुणा उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय और श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय की सम्बद्धता प्रक्रिया ऑनलाइन मोड़ में सम्पादित की जायेगी।

इस पोर्टल के शुभारंभ के अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि सम्बद्धता प्रक्रिया को पारदर्शी, समयबद्ध एवं सुगम बनाये जाने के लिए इस पोर्टल को लांच किया गया है। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया से विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं संस्थानों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अनावश्यक रूप से भागदौड़ से बचा जा सकेगा और मानव श्रम की भी बचत होगी। इससे संस्थान, विश्वविद्यालय और राजभवन स्तर पर सम्बद्धता प्रस्तावों की स्थिति को मॉनीटर किया जा सकेगा। उन्होंने कहा की पोर्टल के लांचिग से राजभवन सहित विश्वविद्यालयों में ऑनलाइन कार्य संस्कृति को बढ़ावा दिए जाने को प्रयास किया जा रहा है।

राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान समय में किसी भी कार्य के लिए तकनीकी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रयोग जरूरी है। उन्होंने कहा कि राजभवन सहित विश्वविद्यालय में अधिक से अधिक सेवाओं को ऑनलाइन और पेपरलैस करने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन ने कहा कि विश्वविद्यालय स्तर पर उच्चाधिकारियों की ट्रेनिंग करा दी गई है। इसके बाद विश्वविद्यालय के कार्मिकों, जिनके द्वारा संचालन किया जाना है को प्रशिक्षण दिया जाएगा। सचिव ने कहा कि पोर्टल को लांच किया गया है इसके संचालन में जो भी व्यावहारिक कठिनाईयां आएगी उस पर संस्थान एवं विश्वविद्यालय अपना सुझाव दें जिसे यथाशीघ्र दूर किया जाएगा। कार्यक्रम में अपर सचिव श्री राज्यपाल स्वाति एस. भदौरिया, कुलपति कुमाऊँ विश्वविद्यालय प्रो0 एन.के.जोशी, कुलपति वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय प्रो0 ओंकार सिंह, कुलपति सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय प्रो0 जगत सिंह बिष्ट, कुलपति श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय प्रो0 महावीर सिंह रावत, संबंधित विश्वविद्यालयों के कुलसचिव, वित्त नियंत्रक डॉ0 तृप्ति श्रीवास्तव, उप सचिव एन.के. पोखरियाल, अनुभाग अधिकारी सचिन चमोली आदि उपस्थित रहे।



दिल्ली दौरे पर गए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान सीएम ने अपनी सरकार के एक साल में किये गए विकास कार्यों की जानकारी देते हुए अध्यक्ष का सुझाव और मार्गदर्शन लिया।

## एम्स में जनजागरूकता दौड़ 9 अप्रैल को

ऋषिकेश। यूथ-20 समिट के लिये एम्स ने तैयारियां तेज कर दी है। समिट की सफलता के लिए जन-जागरूकता के उद्देश्य से एम्स 9 अप्रैल को 10 किलोमीटर लंबी दौड़ का आयोजन कर रहा है। सोमवार को इसकी रूपरेखा तैयार की गई। एम्स प्रशासन अगले माह 4 और 5 मई 2023 को आयोजित होने वाले यूथ-20 समिट की तैयारियों में जुटा है। जन-जागरुकता के उद्देश्य से एम्स द्वारा 10 किमी लम्बी दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 9 अप्रैल को होगा। दौड़ में शामिल होने के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 4 अप्रैल निर्धारित की गई है। जी-20 अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक सहयोग के लिए एक वैश्विक मंच है। प्रत्येक वर्ष जी-20 देशों का सम्मेलन आयोजित किया जाता है। इस बार इस सम्मेलन की मेजबानी का मौका भारत को मिला है। जी-20 की सफलता हेतु इसके समानांतर यूथ-20 मंच के तत्वावधान में इन दिनों विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। यूथ-20 का उद्देश्य युवा वर्ग के शब्दों को आवाज देना और उनके विचारों को दुनिया के सामने लाना है।

## सीमांत मटकांडा में गहराया पेयजल संकट

चम्पावत। सीमांत तल्लादेश के मटकांडा और बुगरौला में पेयजल संकट गहराया हुआ है। इससे ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गुस्साए ग्रामीणों ने विभाग से नियमित आपूर्ति की मांग की है। ग्रामीण उदय सिंह महर, दीवान सिंह, जोगा सिंह भंडारी, अजय सिंह, शंकर सिंह, कमल सिंह, संजय बोहरा, ने बताया कि मटकांडा में बीते लंबे अरसे से पेयजल समस्या बनी हुई है। बताया कि 15 साल पहले स्वजल विभाग की ओर से निर्मित पेयजल लाइन निर्माण वर्ष के एक साल बाद कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गई थी। ग्रामीणों ने श्रमदान कर जगह-जगह टूटी लाइन को अस्थाई तौर पर व्यवस्थित करने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। गर्मी शुरू होते ही लाइन में पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। ग्रामीण जैसे-तैसे दूर दराज स्थित प्राकृतिक स्त्रोतों से पानी लाकर आपूर्ति कर रहे हैं। बताया कि क्षेत्र के लगभग दौ सौ से अधिक लोग पेयजल की किल्लत से जूझ रहे हैं। जल संस्थान के अवर अभियंता हेमंत फुलारा ने बताय कि जलजीवन मिशन के तहत निर्मित यह पेयजल लाइन ग्राम पंचायत के अधीन है।

# सस्ती शराब और महंगी राशन विजली-पानी और पढ़ाई : यशपाल आर्य

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 4 अप्रैल , नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने आरोप लगाया कि , उत्तराखंड की भाजपा सरकार ने राज्य में शराब सस्ती और बिजली-पानी-पढ़ाई महंगी कर अपना असली चरित्र उजागर कर दिया है । उन्होंने कहा कि सरकार के कु-निर्णयों से राज्य भर में एक नया नारा - 'ब्लैंडर (शराब) सस्ती , सिलेंडर (रसोई गैस) महंगा' , बच्चे-बच्चे की जुबान पर चढ़ गया है।

उन्होंने कहा कि , हाल ही में राज्य विद्युत नियामक आयोग ने उत्तराखंड उर्जा निगम के बिजली की दरों में 9.64 फीसदी तक की बढ़ोत्तरी के प्रस्ताव को स्वीकृत कर दिया है , इससे प्रदेश के 27.50 लाख उपभोक्ता प्रभावित होंगे। आर्य ने बताया कि, पिछले अप्रैल से लेकर हाल की बृद्धि तक एक साल के भीतर चौथी बार बिजली की कीमतें बढ़ाकर सरकार ने ये सिद्ध कर दिया है कि वह जनता को लूटने का कोई अवसर नहीं गँवायेगी।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि , बिजली की दरों को बढ़ाने के बाद भी निर्दयी राज्य सरकार रुकी नही उसने उत्तराखंड जल संस्थान के पानी की दरों में 15 फीसदी बड़ाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। इससे पहली अप्रैल से प्रदेश भर में पानी प्रति तिमाही 150 से 200 रुपये मंहगा हो जाएगा ।यशपाल आर्य ने कहा कि , पिछले एक वर्ष के अन्तराल में आम जरूरत की चीजों के दामों में कई गुना बड़ गए हैं। आम जरूरत की चीज़ों के दामों को नियंत्रित रखने केन्द्र व राज्य सरकार के बस में नही रह गया है। राष्ट्रीय स्तर पट रसोई गैस, पेट्रोलियम पदार्थ तथा खाद्य पदार्थों के लगातार बढ़ रहे दामों के बाद राज्य सरकार द्वारा बिजली और पानी की दरों में भारी वृद्धि कर जनता को मंहगाई के दोहरे बोझ से लादने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ,ये उत्तराखंड का दुर्भाग्य ही है कि , यंहा के जिन निवासियों ने बिजली परियोजनाओं के निर्माण के लिए गांव- शहरों और संस्कृति का अस्तित्व तक गवांया अब उन्हें ही को महंगी बिजली खरीदने को मजबूर किया जा रहा है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि , 1 अप्रैल से राज्य के स्कूलों में नया शैक्षिक सत्र शुरू हो गया है। इस साल बच्चों की ड्रेस, किताब - कापियों की कीमतों में भी बड़ा उछाल आया है। सरकार ने इस सत्र में स्कूलों की फीस में बढ़ोत्तरी कर अभिवावकों के जले पर नमक छिड़कने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि , उत्तराखंड राज्य निर्माण आन्दोलन के दौरान यंहा की मातृ शक्ति ने पुर- जोर तरीके से शराब का विरोध किया था । पूर्व में राज्य के पर्वतीय क्षेत्र में "नशा नही रोजगार दो" जैसे आंदोलन चले । आर्य ने अफसोस व्यक्त करते हुए कहा कि , उस राज्य में सरकार की प्राथमिकता शिक्षा न होकर शराब होना एक दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि , यह महीना भेंटुली और फुल्यारियो का था , जब बेटियां को मायके से और बच्चों को घर-घर से विभिन्न प्रकार की खाद्यान्न सामग्री और वस्त्र उपहार स्वरूप भेजे जाते या दिए जाते थे ऐसे पवित्र महीने में सरकार ने सस्ती शराब और महंगी राशन विजली-पानी-पढ़ाई कर देवभूमि की महिलाओं और बच्चों का अपमान किया है।



# साहेब का कुत्ता लापता, खोज रही पुलिस

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 4 अप्रैल , खबर ज़रा हटकर है जिसको पढ़कर आप सोच में पड़ जायेंगे कि क्या किस्मत होती है उन पशुओं की जो बड़े अफसरों के घर पाले जाते हैं। पुलिस इन दिनों एक कुत्ते की तलाश में अपना पसीना बहाते हुए नजर आ रही है. जिस कुत्ते को पुलिस इतनी शिद्दत के साथ खोज रही है वो कोई आम कुत्ता नहीं है बल्कि IAS अधिकारी राहुल द्विवेदी का पालतू कुत्ता है. 'एमपी अजब है सबसे गजब है' ऐसा इसलिए कहा जा रहा है कि प्रदेश की ग्वालियर पुलिस इन दिनों एक कुत्ते की तलाश में अपना पसीना बहाते हुए नजर आ रही है. जिस कुत्ते को पुलिस इतनी शिद्दत के साथ खोज रही है वो कोई आम कुत्ता नहीं है बल्कि IAS अधिकारी राहुल द्विवेदी का पलातू कुत्ता है. दरअसल आईएएस राहुल द्विवेदी के दो पलातू कुत्ते जो दिल्ली में रहते थे, उन्हे कार से भोपाल ले जाया जा रहा था. कार में ड्राइवर के अलावा कुत्ते की देखभाल के लिए दो अन्य लोग भी मौजूद थे.हुआ यूं कि ड्राइवर ने बिलुआ इलाके में खाना खाने के लिए कार रोकी. ड्राइवर ने एक ढाबे पर खाना खाने के लिए कार रोकी थी. सभी कार से खाना खाने के लिए उतर गए. तभी अचानक दोनों कुत्ते चेन छुड़ाकर कार से भाग गए. जैसे ही वो भागे तो स्टाफ के लोगों ने उनका पीछा किया, लगभग एक किलोमीटर भागने के बाद एक कुत्ता तो स्टाफ की पकड़ में आ गया, लेकिन दूसरा हाथ नहीं लगा. लोगों ने उसे बहुत ढूंढा लेकिन दूसरा कुत्ता कहीं नहीं मिला.कुत्ते को ढूंढने में लगी पुलिस ने ग्वालियर शहर में कुत्ते के गुमशुदगी के पोस्टर भी लगा दिए हैं. इसी के ही साथ पोस्टर पर साफ शब्दों में लिखा है जो भी व्यक्ति पुलिस को कुत्ता ढूंढकर लाकर देगा उसे उचित इनाम दिया जाएगा.

इसको लेकर दीवारों पर पोस्टर चस्पा कर दिए गए हैं. डबरा SDOP विवेक शर्मा ने इस मामले में कहा कि 'बिलुआ इलाके में एक ढाबे पर कुछ लोग आए, तभी उनका कुत्ता उनकी कार से कूदकर निकल गया. वे दिल्ली से भोपाल जा रहे थे. शिकायत दर्ज़ कर आसपास के रेस्टोरेंट व दुकानों को सूचित कर दिया गया है. जगह-जगह पोस्टर भी लगाए गए हैं, जिसमें कुत्ता ढूंढने वाले को उचित इनाम देने की भी घोषणा की गई है.'




# यातायात व्यवस्था के लिए अब कोटद्वार में भी तैनात रहेगी सीपीयू

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

जनपद का कोटद्वार घनी आबादी वाला शहर है तथा कोटद्वार क्षेत्र उत्तर प्रदेश की सीमा बिजनौर से लगे होने के कारण बाहरी प्रदेश के लोगों का भी यहाँ आना-जाना रहता है। वर्तमान में अधिकतर व्यक्ति अपने निजी वाहनों से कोटद्वार में अपने घरेलू कार्य एवं खरीदी हेतु लगातार आते रहते हैं। वाहनों के अधिक आवाज के कारण जाम की स्थिति उत्पन्न होती है।

आगामी चारधाम यात्रा के दृष्टिगत कोटद्वार क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को सुगम व सुव्यवस्थित बनाये रखने के परिप्रेक्ष्य में निदेशालय, यातायात देहरादून के आदेशों के क्रम व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे के निर्देशन में देहरादून, हल्द्वानी, रुद्रपुर, हरिद्वार शहरी क्षेत्रों की तर्ज पर अब कोटद्वार की सड़कों पर सीपीयू की दो हॉक मोबाइल बाईक आधुनिक साज सज्जा के साथ यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करेगी। जो कोटद्वार की सुदृढ़ यातायात व्यवस्था के लिए सहायक सिद्ध होगी।




# ट्रैफिक प्रभावित करने वाले अतिक्रमण पर हुई कार्रवाई

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ऋषिकेश। आगामी यात्रा सीजन के मद्देनजर तहसील प्रशासन और नगर निगम की संयुक्त टीम ने ऋषिकेश-हरिद्वार हाईवे पर ट्रैफिक को प्रभावित करने वाले अतिक्रमण पर कार्रवाई की। घाट चौक से कोयलघाटी तिराहे तक हुई कार्रवाई के दौरान टीम ने सडक़ पर सजे कुछ सामान को जब्त भी किया। हालांकि पहले दिन सडक़ घेरने वालों को चेतावनी देकर छोड़ा गया।

सोमवार को शहर में पसरे अतिक्रमण को लेकर आखिरकार प्रशासन की नींद टूटी। तहसीलदार डॉ. अमृता शर्मा के नेतृत्व में नगर निगम प्रशासन और तहसील प्रशासन की संयुक्त टीम ने पुलिस की मदद से अतिक्रमणकारियों पर शिकंजा कसा। घाट चौक से अतिक्रमण विरोधी अभियान की शुरुआत की गई। यहां दुकान से बाहर सडक़ घेरने वालों पर कार्रवाई करते हुए उनका सामान दुकान के अंदर कराया। हाईवे के किनारे ठेली और खोमचे लगाने वालों को खदेड़ा।

अतिक्रमण विरोधी टीम आगे बढ़ती रही। सडक़ घेरने वाले कई लोगों ने टीम के आने से पहले ही सामान समेट लिया। इस दौरान टीम ने दुकान के बाहर सडक़ पर रखा कुछ सामान जब्त किया। अभियान कोयलघाटी तिराहा तक चला। नगर निगम के सफाई निरीक्षक संतोष गुसाईं ने बताया कि जब्त सामान नगर निगम के स्टोर में रख दिया है। यात्रा सीजन के मद्देनजर अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया है। पहले दिन चेतावनी देकर छोड़ दिया गया है। आगे सडक़ घेरने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## धूमधाम से मनाया विवेकानंद इंटर कॉलेज में वार्षिकोत्सव

पिथौरागढ़। राय बहादुर पूरनलाल साह विवेकानंद इंटर कॉलेज का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक फकीर राम टम्टा ने दीप जलाकर किया । कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की बालिकाओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर किया। मुख्य अतिथि विधायक टम्टा ने कहा की विद्या भारती छात्र-छात्राओं को संस्कार व देशभक्ति की शिक्षा देती है। उन्होंने विद्यालय को पूर्ण सहयोग देने की बात कही। इस दौरान भारतीय शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष कृष्णानंद चौबे, विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार पंत सहित कई वक्ताओं ने विचार रखे। इस दौरान सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य रणजीत बसेडा, जिला प्रचारक दीपक , विधायक प्रतिनिधि विमल रावल, भाजपा नगर अध्यक्ष रमेश बोरा, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष भगवती मेहरा सहित भाजपा के कई पदाधिकारी व विद्यालय के महिपाल सिंह, दीपक भंडारी, पंकज पंत, बृजमोहन पंत, भगवान सिंह, आशा मेहरा, प्रेमा कार्की आदि शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रधानाचार्य पर लगाया मारपीट का आरोप

पिथौरागढ़। पर्यावरण मित्र ने जाजरदेवल स्थित एक विद्यालय के प्रधानाचार्य पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। देवभूमि सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष दर्शन लाल ने डीएम को दिए पत्र में कहा कि जाजरदेवल स्थित एक स्कूल में कार्य कर रहे कर्मी पिंटू कुमार के साथ मारपीट की गई है। नियमानुसार वेतन पर भी कार्रवाई विद्यालय प्रबंधन द्वारा नहीं की जा रही है। पीडित ने कार्रवाई न होने पर वृद्ध माता के साथ आंदोलन का रास्ता अपनाने की चेतावनी दी है। इधर प्रकरण में विद्यालय का पक्ष ज्ञात नहीं हो सका है।

### बैतडी में वाहन दुर्घटनाग्रस्त, 1 की मौत, 11 लोग हुए घायल

पिथौरागढ़। नेपाल में बैतडी जिले में एक सवारी वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई व 11 लोग घायल हो गए। सोमवार को बैतडी के देहिमांडो से वाहन संख्या 1 ज 295 गिरेगडा जाते समय पंचेश्वर 5 तिलपुर बैंड के पास बेकाबू होकर गहरी खाई में जा गिरी। नेपाल पुलिस के डीएसपी शाही ने बताया पंचेश्वर गांव पालिका 5 के 55 वर्षीय महादेव भट्ट की मौके पर ही मौत हो गयी। अन्य घायलों का उपचार किया जा रहा है। घटना के बाद वाहन चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है ।

### बेरीनाग में पूर्व सैनिकों ने किया प्रदर्शन

पिथौरागढ़। पूर्व सैनिक संगठन ने केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत पूर्व सैनिक शहीद स्मारक में एकत्र हुए और बाजार से होकर तहसील कार्यालय तक एक रैली निकाली और तहसीलदार के माध्यम से राष्ट्रपति को चार सूत्रीय ज्ञापन भेजा। यहां सोमवार को हुई सभा में पूर्व सैनिक सैनिक संगठन के अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह डांगी ने कहा कि वन रैंक वन पेंशन में वेतन विसंगतियों के खिलाफ पूर्व सैनिक कल्याण संगठन लगातार पिछले 12 वर्षों से संघर्ष करता आ रहा है। उन्होंने कहा समय-समय पर केंद्र सरकार को अपनी मांगों से अवगत कराने के बावजूद भी अब तक इन विसंगतियों को दूर नहीं किया गया। कहा कि सेना में उच्च पदों पर बैठे अधिकारियों ने उन्हें इस विसंगतियों के दायरे में पहुंचाया है।

### एसएसबी जवानों को दिया कृषि बागवानी का प्रशिक्षण

अल्मोड़ा। जीबी पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान अल्मोड़ा के ग्रामीण तकनीकी परिसर में सोमवार को एसएसबी जवानों के लिए कृषि बागवानी विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में अल्मोड़ा, चम्पावत, डीडीहाट और पिथौरागढ़ यूनिटों के 15 जवानों ने प्रतिभाग किया। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं ग्रामीण तकनीकी प्रभारी डॉ. अशोक कुमार साहनी ने जवानों को संस्थान की ओर से किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। साथ ही ग्रामीण तकनीकी परिसर में प्रदर्शित विभिन्न आजीविका वृद्धि और पर्यावरण संवर्धन तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी। वैज्ञानिक डॉ. शैलजा पुनेठा ने जवानों को बागवानी, सब्जी, फल एवं फूलों की नर्सरी बनाने एवं संरक्षित खेती की जानकारी देते हुए प्रयोगात्मक प्रशिक्षण भी दिया। सामाजिक आर्थिक विकास केन्द्र की कन्सलटेंट डॉ. दीपा बिष्ट ने जवानों को पर्वतीय क्षेत्रों में समन्वित मत्स्य पालन आदि जानकारियां दीं। डीएस बिष्ट और डॉ. देवेन्द्र चौहान ने ग्रामीण तकनीकी परिसर में प्रदर्शित कम लागत की सरल एवं पर्यावरण मित्र तकनीकों से रूबरू कराया। जवानों ने संस्थान के सूर्यकुंज का भी भ्रमण किया।

### मूलभूत सुविधा के लिए छात्रसंघ पदाधिकारी मुखर

बागेश्वर। डिग्री कॉलेज में मूलभूत सुविधाओं के लिए छात्रसंघ पदाधिकारी मुखर हो गए हैं। छात्रों ने प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। जल्द समस्याओं का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। छात्रसंघ अध्यक्ष आशीष कुमार के नेतृत्व में छात्रसंघ पदाधिकारी सोमवार को कॉलेज में पहुंचे। यहां प्रभारी प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने कक्षाओं की नियमित सफाई करने, सभी कक्षाओं में बिजली की व्यवस्था ठीक रखने। छात्र-छात्राओं के लिए बैठने की उचित व्यवस्था करने तथा शौचालयों की नियमित सफाई कराने की मांग की है। सफाई व्यवस्था बदहाल होने पर कड़ी आपत्ति जताई है। चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में सचिव कमलेश कुमार, सह सचिव चाहत थापा, विवि प्रतिनिधि पंकज कुमार आदि मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य के क्षेत्र में योग और आयुर्वेद की महत्त्वपूर्ण भूमिका : मुख्य सचिव

## कार्यक्रम में सचिव स्वास्थ्य डा0 आर0 राजेश कुमार रहे मौजूद




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 4 अप्रैल , मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय में उत्तराखंड के पीएमएचएस चिकित्सा अधिकारीयों के लिए आम जनमानस के इलाज हेतु आयुर्वेद को बढ़ावा देने के लिए 06 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। मुख्य सचिव ने आयुर्वेद पद्धति के महत्त्व पर विषेश बल देते हुए कहा कि प्राचीन समय से ही आयुर्वेद द्वारा चिकित्सा सुविधा दी जा रही है। आज के समय में आयुर्वेद व ऐलोपैथी पद्धति को आपस में तालमेल बनाकर आम जनमानस को चिकित्सकीय इलाज दे कर बेहतर इलाज किया जा सकता है।

मुख्य सचिव ने प्रशिक्षुओं को बताया कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में योग और आयुर्वेद महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। आयुर्वेद रोगों के इलाज के बजाय रोकथाम पर अधिक बल देता है। योग और आयुर्वेद के अनुरूप जीवन शैली अपनाकर हम अपने शरीर को स्वस्थ रख सकते हैं। इस दौरान अपने अनुभव साझा करते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि आयुर्वेद स्वस्थ जीवन शैली का आधार है, जो तनावमुक्त जीवन जीने को बढावा देता है। अवसाद (डिप्रेशन) को कम करने के लिये आयुर्वेद में मौजूद चिकित्सकीय इलाज को अपनाकर स्वस्थ जीवन जिया जा सकता है।

मुख्य सचिव द्वारा प्रषिक्षण कार्यक्रम में Practical Training on Ayurveda For PMHS Medical Officers of Uttarakhand To Promote Wellness Concept उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय तथा एच0एन0बी0 उत्तराखण्ड चिकित्सा षिक्षा विश्वविद्यालय द्वारा बनाये गये प्रशिक्षण मोड्यूल का विमोचन किया गया।

कार्यक्रम में सचिव स्वास्थ्य डा0 आर0 राजेश कुमार, सचिव आयुष डा0 पंकज कुमार पाण्डे, कुलपति एच0एन0बी0 उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय प्रो0 हेमचन्द पाण्डे, कुलपति उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय प्रो0 सुनील कुमार जोशी, स्वास्थ्य महानिदेशक डा0 विनीता शाह, एन0एच0एम0 निदेशक डा0 सरोज नैथानी, डा0 अजय कुमार नगरकर, प्रो0 अनूप कुमार गक्खड, प्रो0 पंकज कुमार शर्मा, प्रो0 डी0 सी0 सिंह, डा0 दीपक कुमार सेमवाल, डा0 आशुतोष चौहान, चन्द्रमोहन पैन्युली, डा0 राजीव कुरेले, डा0 एच एम0 चन्दोला, डा0 नन्द किशोर दाधिच, डा0 अमित तमादड्डी आदि मौजूद रहे।

# प्रदेशभर के शहरों में सेंट्रल प्लाजा और यूनिटी मॉल की तर्ज पर सिटी पार्क विकसित करें : मुख्य सचिव

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस संधु ने सोमवार को सचिवालय में 22-23 नवंबर, 2022 को आयोजित चिंतन शिविर के बिंदुओं पर चर्चा की। मुख्य सचिव ने प्रदेशभर के शहरों में सेंट्रल प्लाजा और यूनिटी मॉल की तर्ज पर सिटी पार्क विकसित किए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि ऐसे स्थानों को विकसित कर इनमें वाहनों की एंट्री प्रतिबंधित करते हुए शहरों में इनका प्रावधान किया जाए। यह सोशल इंटरेक्शन के लिए भी आवश्यक है।

मुख्य सचिव ने कहा कि मलिन बस्तियों की समस्या को कम करने के लिए किराया आधारित आवास मॉडल पर शीघ्र कार्य किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने रिन्यूएबल एनर्जी को बढ़ावा दिए जाने के साथ ही सडक़ों के लेवल को फिक्स्ड किए जाने की भी बात की। उन्होंने कहा कि सडक़ों पर बार बार काम जोन से सडक़ों की ऊंचाई लगातार बढ़ते जाने से घरों के लिए ड्रेनेज की समस्या आती है, इसके लिए सडक़ों को स्क्रैब करके ही पुनः कार्य कराए जाना चाहिए।

मुख्य सचिव ने कहा कि शहरों में साइकिल ट्रैक भी विकसित किए जाने पर तेजी से कार्य किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाए जाने हेतु विभिन्न कदम उठाए जाने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि आईटी का प्रयोग करके वल्ड क्लास स्तर के लेक्चर्स के माध्यम से छात्र छात्राओं को शिक्षित किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सभी स्कूलों में ड्राइव चलाकर इसकी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। उन्होंने प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च एवं तकनीकी शिक्षण संस्थानों में ऑनलाइन शिक्षण की व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही सभी जनपदों में पुस्तकालयों की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाए।

मुख्य सचिव ने जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में एक समिति बनाए जाने के भी निर्देश दिए। यह समिति विभिन्न विभागों और स्कूलों के एसेट (भवनों और मैदानों) को स्कूलों और कार्यालयों की छुट्टी के बाद कैसे कैसे प्रयोग कर सकते हैं इस सम्बन्ध में निर्णय ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि स्कूल और कॉलेजों के प्ले ग्राउंड और पार्किंग को स्कूल की छुट्टी के बाद खुले रखे जाने चाहिए ताकि उनका आसपास के युवा खेल और पार्क के रूप में घूमने के लिए प्रयोग कर सकें। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव आनंद बद्र्धन, सचिव शैलेश बगोली, अरविन्द सिंह ह्यांकी, रविनाथ रमन, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, विजय कुमार यादव उपाध्यक्ष एमडीडीए बंशीधर तिवारी एवं अपर सचिव रोहित मीणा सहित अन्य सभी विभागों के उच्चाधिकारी उपस्थित थे।






# मिस्टर एंड मिस उत्तराखंड बने दून के तुषार शाही और साइना रौतेला

देहरादून। देवभूमि उत्तराखंड यूनिवर्सिटी के सहयोग से हिमालयन बज द्वारा आयोजित मिस्टर एंड मिस उत्तराखंड 2023 पेजेंट का खिताब देहरादून के तुषार शाही व साइना रौतेला ने जीत लिया। हरिद्वार रोड स्थित संस्कृति विभाग के प्रेक्षाग्रह में आयोजित ग्रैंड फिनाले में उत्तराखंड के सभी जिलों के 28 युवक और युवतियों ने भाग लिया। पेजेंट के दौरान जज के रूप में मॉडल और मिस नॉर्थ इंडिया 2021 सुहाना लेटका, एथलीट और स्ट्रॉन्गमैन चैंपियनशिप विजेता अमन वोहरा और फैशन फोटोग्राफर सिद्धार्थ शंकर ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता में कोटद्वार की अंजलि आर्य और देहरादून के भरत लूथरा ने फस्ट रनर-अप का खिताब हासिल किया। वहीं पौड़ी गढ़वाल की शिखा भारती और नैनीताल के अंशुल आर्य ने सेकेंड रनर-अप का खिताब जीता। मॉडल ऑफ द ईयर 2023 का खिताब रुद्रपुर की राशि धीमान और देहरादून के अभिमन्यु बडोला को दिया गया। पेजेंट के दौरान मुख्य खिताब के अलावा विभिन्न उप-प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिनमें गौरव भगत को मिस्टर टैलेंटेड, अनन्या केस्टवाल को मिस मल्टीमीडिया और यशस्वी पंवार को मिस मेलोडियस के खिताब से नवाजा गया। देवभूमि उत्तराखंड विश्वविद्यालय की दीपा आर्या ने कहा प्रतियोगिता की मेजबानी को अद्भुत अनुभव बताया। हिमालयन बज़ के अनिरुद्ध बडोला ने कहा कि प्रतियोगिता को प्रतिभागियों और दर्शकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। इस प्रतियोगिता से राज्य के कई प्रतिभाशाली युवाओं को फैशन और मनोरंजन की दुनिया में प्रवेश करने का एक सुनहरा मौका मिलेगा।

# उत्तराखण्ड युवा कांग्रेस का पोस्टकार्ड कैंपेन लांच : शिवा वर्मा

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 4 मार्च , भारतीय युवा कांग्रेस के आव्हान पर उत्तराखण्ड युवा कांग्रेस द्वारा पोस्टकार्ड कैंपेन लॉन्चिंग कार्यक्रम किया गया जिसमें भारत के प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी को सम्बोधित पोस्टकार्ड का प्रारूप जारी कर तीन प्रश्न पूछ गए ।प्रदेश संयोजक मीडिया शिवा वर्मा ने कहा कि पूरे प्रदेश से ब्लॉक ,विधानसभा एवं जिला वार युवा पोस्टकार्ड पर अपना नाम, मोबाइल नंबर एवं हस्ताक्षर कर पोस्टकार्ड को प्रधानमंत्री को प्रेषित करेंगे वहीं शिवा वर्मा ने कहा कि आज लोकतंत्र खतरे में है। अभिव्यक्ति को कुछ भी कहने की यह पूछने की आजादी से वंचित कर दिया गया है जैसा कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को जहां एक तरफ कोर्ट ने मानहानि के मुकदमे में सजा सुनाई वहीं दूसरी ओर हड़बड़ाहट एवं बदले की भावना से संसद की सदस्यता खत्म कर दी गई । आज बेरोजगारी चरम पर है और साथ ही महंगाई आसमान छूती दिख रही है जिस आशा के साथ लोगों द्वारा केंद्र शासित सरकार को अपना अमूल्य वोट दिया गया था और उनको यह कहकर ठगा गया था कि उन्हें नौकरियां मिलेंगी जरूरी चीजों के मूल्य कम होंगे वह सभी आज उन घोषणाओं एवं प्रधानमंत्री जी की उन बातों को पर अपने आप को ठगा महसूस कर रहा है। जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ वर्मा द्वारा कहा गया कि जल्दी ही जिले से बड़ी संख्या में पोस्टकार्ड भेज कर आदरणीय प्रधानमंत्री से सवालों के जवाब पूछे जाएंगे ।

पूर्व महासचिव रोबिन त्यागी ने कहा कि युवा कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक की लड़ाई लड़ने को तैयार है लोकतंत्र बचाने के लिए जो भी मुमकिन कार्य करना पड़ेगा उसको निश्चित ही किया जाएगा गया। इस अवसर अमनदीप सिंह बत्रा (उपाध्यक्ष राजपुर विधानसभा), नितिन रावत (उपाध्यक्ष कैंट विधानसभा) ,गौरव रावत (उपाध्यक्ष धर्मपुर विधानसभा) ,दिवेश उनियाल (प्रदेश महासचिव),राहुल प्रताप लक्की (कार्यालय प्रभारी)आदि लोग मौजूद थे ।




# दिव्यांग शिविर में एसडीएम एसएस नेगी ने स्टॉल का किया निरीक्षण



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 4 अप्रैल , जिलाधिकारी देहरादून के निर्देशानुसार तहसील डोईवाला के अंतर्गत विकासखंड मुख्यालय डोईवाला में दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ शैलेंद्र सिंह नेगी उप जिलाधिकारी डोईवाला द्वारा किया गया। शिविर में समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, पंचायती राज , ग्रामीण विकास, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तथा राजस्व विभाग के स्टॉल लगाए गए। शिविर में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा कुल प्राप्त 15 आवेदनों में से मौके पर ही दो व्यक्तियों के दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी किए गए तथा शेष व्यक्तियों को चिकित्सालय में परीक्षण उपरांत जारी करने हेतु अवगत कराया गया ।समाज कल्याण विभाग द्वारा वृद्धा पेंशन के 18, विधवा पेंशन के 01, तथा दिव्यांग यूडीआईडी कार्ड के 5 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण किया गया ।शिविर में राजस्व विभाग द्वारा आय प्रमाण पत्र 01, जाति प्रमाण पत्र 02, तथा निवास प्रमाण पत्र 02 जारी किए गए । बाल विकास विभाग द्वारा पोषण की जानकारी दी गई। पंचायती राज विभाग द्वारा परिवार रजिस्टर की नकल, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र आदि के संबंध में लोगों को अवगत कराया गया। शिविर में जगत सिंह खंड विकास अधिकारी डोईवाला, मोहम्मद शादाब तहसीलदार डोईवाला ,डॉ एसएस भंडारी चिकित्सा अधीक्षक, डॉ स्वाति चिकित्सा अधिकारी, महेश प्रताप सिंह सहायक समाज कल्याण अधिकारी सहित विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# पृथ्वीनाथ मंदिर की शोभायात्रा में चार चांद लगाएंगे नए आकर्षण

देहरादून। हनुमान जयंती पर पृथ्वीनाथ महादेव मंदिर सेवादल की इस बार छह अप्रैल को आयोजित बालाजी शोभायात्रा में पहली बार लेजर लाइट शो, आजादी के समय पाकिस्तान से हिन्दुस्तान आए हिन्दुओं की हनुमान झांकी, शिवाजी धर्मशाला में लेजर लाइट से रामजी की लीला, मेहंदीपुर राजस्थान से लाई गई पवित्र अखंड ज्योत, बद्रीनाथ, केदारनाथ जी के अलावा धारी देवी की आकर्षक झांकी भी शामिल की जाएगी। पृथ्वीनाथ महादेव मंदिर के मीडिया प्रभारी संजय गर्ग ने बताया कि मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर्व के कार्यक्रमों को तेजी से अंतिम रुप दिया जा रहा है। मंदिर के महंत रविन्द्र पुरी महाराज के सानिध्य में बालाजी की करीब सात घंटे की भव्य शोभायात्रा छह अप्रैल को शिवाजी धर्मशाला से झंडा बाजार, पलटन बाजार, घंटाघर, गांधी रोड पर निकाली जाएगी। शोभायात्रा में बेहद रचनात्मक झांकियां रहेंगी। यात्रा से एक दिन पहले शिवाजी धर्मशाला में लेजर लाइट शो में भगवान राम की लीला में उड़ते हनुमान जी आकर्षण का केंद्र रहेंगे। आजादी के बाद लईया समाज से सम्बंधित पाकिस्तान से आए हिन्दु शरणार्थियों की टीम श्रीराम की झांकी दिखाएगी। यह समाज आयोजन से 21 दिन पहले व्रत रखते हुए, एक समय खाना, जमीन पर सोना व ब्रह्मचर्य व्रत का पालन करने लगता है। आयोजन वाले दिन हनुमान जी का स्वरुप बने पात्र से आर्शीवाद पाने श्रद्धालु आतुर रहते हैं। शोभायात्रा में 501 महिलाएं विशेष परिधान, 150 कलाकारों की शिव बारात, 500 स्थानों पर फूलों की बारिश, ऊंट, घोड़े, बैंड, नासिक ढोल, शहनाई, आतिशबाजी होगी। सेवादारों की टीम ट्रैक्टर ट्रॉली के साथ सफाई करती चलेगी। 35 सेवादारों की टीम ट्रैफिक का संयोजन करते हुए चलेगी। रविवार नौअप्रैल को मंदिर में 15 से 20 हजार तक श्रद्धालु विशाल भंडारे में प्रसाद ग्रहण करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### आईटी पार्क मामले में आरोपी पार्षद की गिरफ्तारी की मांग

देहरादून। उत्तराखंड ऊर्जा कामगार संगठन ने आईटी पार्क बिजलीघर में तैनात यूपीसीएल कर्मचारी मोहन चंद पाठक के साथ हुई मारपीट प्रकरण में आरोपी पार्षद के खिलाफ कार्रवाई न होने पर ईसी रोड स्थित ऊर्जा निगम कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया। संगठन महामंत्री दीपक बेनीवाल ने बताया कि बिजली कर्मचारियों में पुलिस व यूपीसीएल प्रबंधन के रवैये को लेकर नाराजगी है। वक्ताओं ने कहा कि आईटी पार्क के आरोपित पार्षद ने मोहन पाठक को बुरी तरह मारा। सरकारी दस्तावेजों को फाड़ा गया। मौके पर विजय बिष्ट, सोहन लाल शर्मा, एचसी शर्मा, गंगा सिंह लवाल, वीरेंद्र लाल, राजेश सैनी, आशीष सती, अमनेश, बलवंत सिंह, आशीष गौड़, गौतम, मोहम्मद इलियास, सुनील नेगी, सचिन नंदा, आशीष त्रिपाठी, किरण, राजेश ध्यानी, नीलम बिंजोला, शोभा, वंदना, सरिता, संगीता, मंजू आदि कार्मिक मौजूद रहे।

### कर्मचारियों ने मांगा केंद्र के समान महंगाई भत्ते का लाभ

देहरादून। राज्य कर्मचारियों ने केंद्र के समान बढ़े हुए महंगाई भत्ते का लाभ देने की मांग की। राज्य कर्मचारियों ने जल्द महंगाई भत्ते की नई दरों को एक जनवरी से लागू किए जाने पर जोर दिया। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष अरुण पांडे ने अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री राधा रतूड़ी से मुलाकात की। बताया कि केंद्र ने अपने कर्मचारियों को बढ़े हुए महंगाई भत्ते का लाभ दे दिया है। महंगाई भत्ते को 38 प्रतिशत से बढ़ा कर 42 प्रतिशत कर दिया गया है। राज्य कर्मचारियों को भी केंद्र के समान लाभ दिया जाए। एसीएस मुख्यमंत्री राधा रतूड़ी ने एसीएस वित्त आनन्दवर्धन को इस सम्बन्ध में कार्रवाई के निर्देश दिए। अरुण पांडे ने बताया कि एसीएस वित्त ने वित्त विभाग को इस सम्बन्ध में पत्रावली प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। प्रदेश प्रवक्ता आरपी जोशी ने कहा कि राज्य कार्मिकों को 38 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जा रहा है। महंगाई भत्ता 42 प्रतिशत कर कर्मचारियों को होने वाले वित्तीय नुकसान से निजात दिलाई जाए।

### उत्तराखंड से युवा कांग्रेस पीएम को भेजी पोस्टकार्ड

देहरादून। युवा कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर उत्तराखंड युवा कांग्रेस की ओर से पोस्ट कार्ड कैंपेन लांचिंग की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित पोस्टकार्ड का प्रारूप जारी किया गया। कांग्रेस भवन में सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता में प्रदेश संयोजक मीडिया शिवा वर्मा ने बताया कि पूरे प्रदेश से ब्लॉक, विधानसभा एवं जिला वार युवा पोस्टकार्ड पर अपना नाम, मोबाइल नंबर और हस्ताक्षर कर इन्हें प्रधानमंत्री को प्रेषित करेंगे। वर्मा ने कहा कि लोकतंत्र खतरे में है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को जहां एक तरफ कोर्ट ने मानहानि के मुकदमे में सजा सुनाई, वहीं दूसरी ओर हड़बड़ाहट औश्र बदले की भावना से उनकी संसद की सदस्यता खत्म कर दी गई। यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ वर्मा ने कहा कि जल्द ही जिले से बड़ी संख्या में पोस्टकार्ड भेज कर प्रधानमंत्री से सवालों के जवाब पूछे जाएंगे। पूर्व महासचिव रोबिन त्यागी, अमनदीप सिंह बत्रा, नितिन रावत, गौरव रावत, दिवेश उनियाल, राहुल प्रताप लक्की आदि लोग मौजूद थे।

### शहर में चलने पर लगी रोक से भडक़े ई-रिक्शा वाले

ऋषिकेश। शहर के अंदर ई-रिक्शा पर लगी रोक से भडक़े ई-रिक्शा वालों ने सोमवार को जमकर हंगामा किया। वीरपुरखुर्द एम्स रोड से सैकड़ो ई-रिक्शा के साथ तहसील तक जुलूस निकाला। हरिद्वार बाईपास मार्ग पर योगनगरी रेलवे स्टेशन के सामने प्रदर्शन किया। जाम लगने की आंशका के चलते ट्रैफिक पुलिस को मोर्चा संभालना पड़ा। काफी जद्दोजहद के बाद आक्रोशित ई-रिक्शा संचालक शांत हुए। सोमवार को ऋषिकेश ई-रिक्शा, ई-ऑटो एसोसिएशन से जुड़े ई-रिक्शा संचालक वीरपुरखुर्द एम्स रोड पर एकत्रित हुए। यहां से प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जुलुस की शक्ल में तहसील पहुंचे। जुलूस में सैकड़ों ई-रिक्शा शामिल होने से ट्रैफिक व्यवस्था भी प्रभावित रही। तहसील में एसडीएम के नहीं मिलने पर ई-रिक्शा संचालक हरिद्वार बाईपास मार्ग पर एआरटीओ की ओर बढ़े। हालांकि उन्हें पुलिस ने योगनगरी रेलवे स्टेशन के पास रोक लिया। आक्रोशित ई-रिक्शा वालों ने यहां प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। बाईपास मार्ग पर जाम नहीं लगे इसके चलते ट्रैफिक उपनिरीक्षक अनवर खान के नेतृत्व में पुलिस ने मोर्चा संभाला। काफी जद्दोजहद के बाद तय हुआ कि एसोसिएशन के दो चार प्रतिनिधि एआरटीओ में ग्रीन कार्ड जारी करने के लिए आए परिवहन मंत्री को ज्ञापन सौंप सकते हैं।

# कॉमन सर्विस सेंटर में इंटरनेट की बेहतर उपलब्धता हो : अजय भट्ट



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उधमसिंह नगर , 4 अप्रैल , केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने नैनीताल और उधम सिंह नगर के नेटवर्क विहीन क्षेत्रों में मोबाइल टावर लगाए जाने को लेकर भारतीय दूरसंचार निगम के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि पहले चरण में 27 व द्वितीय चरण में 20 मोबाइल टावर लगाए जाएंगे।

केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट ने नैनीताल और उधम सिंह नगर क्षेत्र में लंबे समय से दूरस्थ क्षेत्रों में संचार सेवा न होने के चलते लगातार ग्रामीण क्षेत्रों से मोबाइल टावर स्थापित किए जाने की मांग को ध्यान में रखते हुए बीएसएनएल के अधिकारियों के साथ बैठक की और पहाड़ों में नेटवर्क विहीन क्षेत्रों में 4G मोबाइल टावर लगाए जाने की कार्रवाई की समीक्षा की। बैठक में केंद्रीय मंत्री को बीएसएनएल के महाप्रबंधक संजय कुमार ने बताया कि विभाग द्वारा टावर लगाए जाने की कार्यवाही को गति दी जा रही है। जिन स्थानों पर किसी भी मोबाइल टावर के सिग्नल नहीं आते उन स्थानों पर बाकायदा भूमि का चिन्हीकरण कर और क्षेत्र का सर्वे कार्य शुरू कर दिया गया है। 2 चरणों में होने वाले इस कार्य में नैनीताल उधम सिंह नगर में पहले चरण में 27 मोबाइल टावर लगाए जाएंगे। जबकि दूसरे चरण में 20 मोबाइल टावर लगाए जाएंगे।

केंद्रीय मंत्री भट्ट ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा पहाड़ों के दूर दराज इलाकों में संचार सेवा मजबूत किए जाने को लेकर पर्याप्त बजट उपलब्ध कराया है। जिसके अंतर्गत नैनीताल उधम सिंह नगर क्षेत्र में बेहतर मोबाइल कनेक्टिविटी और नेटवर्क कनेक्टिविटी के अलावा कॉमन सर्विस सेंटर में इंटरनेट की बेहतर उपलब्धता हो इन चीजों को ध्यान में रखते हुए तेजी के साथ बीएसएनएल को मोबाइल टावर लगाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इस कड़ी में अधिकारियों द्वारा बताया गया है कि प्रथम चरण में तेजी के साथ 27 मोबाइल टावर लगाए जाएंगे जबकि द्वितीय चरण में 20 मोबाइल टावर लगाए जाने हैं जिससे कि संचार सेवा पूर्ण रूप से त्वरित गति में सुचारू हो सके। इस दौरान बैठक में महाप्रबंधक संजय कुमार उप प्रबंधक राजेश मुरारी भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट महामंत्री नवीन भट्ट सहित कई अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे

# दून अस्पताल के युवा डॉक्टरों के काम की हर तरफ हो रही तारीफ




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। मसूरी बस हादसे में दून अस्पताल की इमरजेंसी में 32 घायलों को लाया गया। हर तरफ चीख पुकार के बीच युवा डॉक्टरों ने इस तरह से मैनेज किया कि मंत्री, अफसर, वरिष्ठ डॉक्टर सब तारीफ कर रहे हैं। युवा डॉक्टरों ने तत्काल उपचार शुरू किया, फाइलें खुद बनाई और जांचों के लिए भेजा। अस्पताल में इमरजेंसी मेडिसन से डा. नेहा महाजन, ईएमओ डा. अमित अरुण, डा. मुकेश उपाध्याय, डा. प्रशांत चौधरी की देखरेख में एमबीबीएस इंटर्न, पीजी छात्रों, जेआर ने तत्काल मोर्चा संभाला। एसआर डा. रितेश, जेआर डा. सलोनी, पीजी छात्र डा. रहनुमा, डा. शिखर, डा. सिद्दीक, डा. मनन, डा. पदमिनी समेत अन्य डॉक्टरों ने गजब का जज्बा दिखाया। सभी के वाइटल्स चैक किए, उनको दवाई, ड्रिप शुरू की गई। उधर, सीपीआरओ महेंद्र भंडारी, पीआरओ दिनेश रावत और विनोद नैनवाल, अभय नेगी, सचिन वर्मा, अभिषेक, प्रियंका, नर्सिंग अधिकारी पुरुषोत्तम त्यागी मरीजों को शिफ्ट कराने, जांच, दवा उपलब्ध कराने में दौड़ भाग करते रहे। एसडीएम नरेश दुर्गापाल, एसीएमओ डा. सीएस रावत, इंस्पेक्टर विद्याभूषण नेगी खुद बच्चों को गोद में उठाकर भर्ती कराते रहे। अफसरों ने बच्चों को बिस्किट, जूस और चिप्स मंगाकर दिए। पीआरओ कार्यालय में तैनात अस्पताल से हटाया कर्मचारी अमित किसी काम से अस्पताल आया था। हादसे के बाद उससे रहा नही गया और मरीजों को शिफ्ट कराने और भर्ती करने में जुट गया। मंत्री गणेश जोशी, डा. धन सिंह रावत, निदेशक डा. आशुतोष सयाना, एमएस डा. युसुफ रिजवी, डीएमएस डा. धनंजय डोभाल ने सभी को सराहा।

मसूरी अस्पताल के डॉक्टरों-स्टाफ को सराहाः सीएमओ डा. संजय जैन ने मसूरी अस्पताल के डॉक्टरों एवं स्टाफ की सराहना की है। उन्होंने कहा कि मसूरी अस्पताल में सभी घायलों को ले जाया गया। वहां पर सीएमएस डा. यतेंद्र सिंह और उनकी टीम ने समय पर उपचार दिया और पूरा प्रबंधन किया। कोरोनेशन में भी पीएमएस डा. शिखा जंगपांगी, ईएमओ डा. मनीष शर्मा की अगुवाई में टीम अलर्ट पर थी।

## संपादकीय



# खतरनाक है अल-नीनो की वापसी

तापमान में हो रही बढ़ोतरी बेहद खतरनाक संकेत है. खतरनाक इसलिए भी कि इससे देश के कुछ हिस्सों में गर्मी की लहर जैसे हालात बन रहे हैं. भारतीय समुद्र ज्यादा गर्म हो रहा है. इसका परिणाम हमारे सामने मानसून के पहले और उसके दौरान और बाद में भीषण प्रलयकारी बारिश की घटनाओं में बढ़ोतरी के रूप में आया है. समुद्र में उठने वाली तेज लू की भयंकर लहरें भविष्य में इस समस्या को और विकराल बना देंगी. यदि बीते दिनों 'नेचर' पत्रिका में प्रकाशित एक शोध रिपोर्ट की मानें, तो अब यह तथ्य प्रमाणित हो चुका है कि 1870 से लेकर आज तक भारतीय समुद्र के औसत तापमान में 1.4 डिग्री की बढ़ोतरी हो चुकी है, जो दूसरे समुद्र के मुकाबले सबसे ज्यादा है. हालात गवाह हैं कि देश में समुद्र का तेजी से बढ़ता तापमान और लंबे समय तक चलने वाली समुद्री लू की वजह से देश के समुद्र तटीय राज्यों में बारिश की घटनाओं में तेजी आ रही है. इसका सामना देश के 27 राज्य और 75 फीसदी जिले कर रहे हैं. उनकी करीब 63.8 करोड़ आबादी इसकी चपेट में है. रिपोर्ट की मानें, तो 2000 से पहले कोई भी गर्मी की लहर अमूमन 50 दिनों के भीतर समाप्त हो जाती थी, लेकिन अब इसका समय बढ़कर 250 दिन के करीब हो चुका है, जो मानसून पर असर डाल रही है. बीते साल कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जन में दुनिया ने रिकॉर्ड बनाया है. मैदानी क्षेत्रों में गर्मी की लहर तब आती है, जब तापमान 40 डिग्री पार कर जाता है. पर्वतीय इलाकों में जब तापमान 30 डिग्री हो जाता है, रात का तापमान 40 से अधिक हो और तटीय इलाकों में 37 डिग्री से अधिक होता है, तब गर्मी की लहर की स्थिति होती है. वर्तमान में उत्तर भारत में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक है. पहाड़ी राज्यों के निचले इलाकों में अधिकतम तापमान वृद्धि की दर 10 से 11 डिग्री दर्ज की गयी है. असलियत यह है कि देश के बहुतेरे हिस्से 100 फीसदी तक बारिश के अभाव में सूखे ही रह गये. करीब आठ राज्य- दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र- में आने वाले दिनों में तापमान में तेजी से बढ़ेगा. तापमान में यह बढ़ोतरी अल-नीनो की वापसी का नतीजा है. विश्व मौसम विज्ञान संगठन की मानें, तो ला-नीना के तीन साल तक लगातार सक्रिय रहने के कारण दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में तापमान बढ़ोतरी और बारिश के चक्र की पद्धति में असाधारण रूप से बदलाव आया है. ला-नीना भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर की सतह में निम्न हवा के दबाव बनने की स्थिति में बनता है. यह एक प्रतिसागरीय धारा होती है, जो पश्चिमी प्रशांत महासागर में तब पैदा होती है, जबकि पूर्वी प्रशांत महासागर में अल-नीनो का असर खत्म हो जाता है. ऐसी स्थिति में समुद्र की सतह का तापमान कम हो जाता है. तात्पर्य यह कि ला-नीना के दौरान उष्णकटिबंधीय प्रशांत द्वारा गर्मी को एक सोख्ता की तरह सोख लिया जाता है.

**दैनिक न्यूज़ वायरस**
**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# डीएम सोनिका अध्यक्षता में हुआ जनसुनवाई कार्यक्रम, 96 शिकायतें प्राप्त



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में आज 96 शिकायतें प्राप्त हुई। जनसुनवाई में बिजली, पानी, सिंचाई, आपसी विवाद, शिक्षा, आरटीई के माध्यम से एडमिशन दिलाने, परिजनों द्वारा परेशान किए जाने, खनन, भूमि संबंधी प्रकरण प्राप्त हुए। जनसुनवाई के दौरान एक महिला ने अपने दो वर्ष के बच्चे के साथ जिलाधिकारी को पुष्पगुच्छ तथा बच्चे ने पैन भेंट कर आभार व्यक्त किया। उक्त महिला गत सप्ताह जनसुनवाई में अपनी शिकायत लेकर पहुंची थी, जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागों को कार्यवाही के निर्देश दिए गए थे, जिस पर रेखीय विभागों द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए बच्चे को उसकी मॉं को बच्चे से मिलवाया।

जनसुनवाई में हरिपुरकला रायवाला निवासी खुशबू शर्मा ने उनका बच्चा दिलाए जाने पर जिलाधिकारी देहरादून को धन्यवाद दिया। खुशबू ने बताया कि उनके ससुराल वालों द्वारा फरवरी में उनको घर से निकाल दिया था। पुलिस द्वारा काउंन्सलिंग करायी गई तथा हर काउंसलिंग में बच्चे को वापस दिलाने का मांग की गई किन्तु उनके बच्चे को वापस नहीं दिया गया। किसी परिचित ने महिला को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली जनसुनवाई में फरियाद ले जाने को कहा।

इसके उपरान्त उन्होंने जनसुनवाई में जिलाधिकारी देहरादून को अपनी पीड़ा सुनाई जिस पर जिलाधिकारी ने 28 मार्च को रेखीय विभाग को उनकी ओर से पुलिस को पत्र प्रेषित कर बच्चा वापस दिलाए जाने के संबंध में कार्यवाही करने के निर्देश दिए, जिस पर सम्बन्धित राज्य के रेखीय विभाग से समन्वय करते हुए उसी दिवस में खुशबू शर्मा को उसका बच्चा वापस मिला इसके लिए खुशबू ने जिलाधिकारी एवं राज्य सरकार सहित संबंधित अधिकारियों का धन्यवाद दिया।

जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि उनके क्षेत्र में संचालित हो रहे खनन पट्टे व स्टोन क्रैशर जिनकी समय सीमा पूर्ण हो चुकी है को तत्काल बंद करवाते हुए आज शाम तक रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इसी प्रकार विकासनगर के जामुनखाता में भू-माफियांओं द्वारा रास्ता बंद किए जाने, शंकरपुर हुकुमतपुर में निजी भूमि से बिजली की लाइन डाले जाने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी विकासनगर को जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिए। लाल तप्पड़ डोईवाला में प्रॉपटी डीलर द्वारा परेशान किए जाने संबंधी शिकायत पर उप जिलाधिकारी डोईवाला को कार्यवाही के निर्देश दिए। इसी प्रकार बालावाला में मामचंद चैक पर प्रॉपटी डीलरों द्वारा रास्ता अवरोध किए जाने की शिकायत पर उप जिलाधिकारी सदर को जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ0 एस.के बरनवाल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामजीशरण शर्मा, अपर मुख्य आयुक्त नगर निगम देहरादून जगदीश लाल, उप जिलाधिकारी सदर नरेश चन्द्र दुर्गापाल, उप जिलाधिकारी शालिनी नेगी, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, तहसीलदार सदर सोहन सिंह रांगड, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ0 विद्याधर कापड़ी, जिला प्रोबेशन अधिकारी मीना बिष्ट सहित शिक्षा, समाज कल्याण, सिंचाई, विद्युत, जल संस्थान, एमडीडीए, पुलिस, पेयजल निगम आदि संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# अपराधियों को 'पाताल लोक' भेजने वाले सुपर कॉप की कहानी !

**मो० सलीम सैफ़ी की विशेष रिपोर्ट - न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



देहरादून , 4 अप्रैल , देश के जांबाज पुलिस ऑफिसर्स की बात करें तो एक नाम आजकल देश की जुबां पर चढ़ा हुआ है। ये नाम है उत्तर प्रदेश के उस धाकड़ आईपीएस का जिन्होंने तैयार की अतीक अहमद और उसके पूरे परिवार की क्राइम कुंडली। न्यूज़ वायरस की इस ख़ास रपट में बात करते हैं योगिराज के खाकी मैन प्रशांत कुमार की जो आज बन चुके हैं सुपर कॉप ऑफ़ इंडिया जिनके नाम से अपराधी कांपने लगते हैं , जिनकी शानदार प्लानिंग और परफेक्ट टाइमिंग ने अपराधियों के होश उड़ा रखे हैं वो हैं यूपी के लॉ एंड ऑर्डर एडीजी प्रशांत कुमार बीते कुछ दिनों की बात करें तो जिस नाम उनके खाकी ने खौफ से भर दिया है वो है यूपी का बाहुबली और अब उम्र कैद काट रहा माफिया अतीक अहमद और उसका गैंग। उमेश पाल हत्याकांड के बाद एडीजी प्रशांत कुमार ने अपना रुख एकदम साफ कर दिया था। उन्होंने कहा था कि इस उमेश पाल हत्याकांड से जुड़े किसी भी अपराधी को छोड़ा नहीं जाएगा और फिर जो हुआ वो देश प्रदेश ने देखा

**कौन हैं योगी आदित्यनाथ के सबसे भरोसेमंद ऑफिसर हैं प्रशांत कुमार ?**

एडीजी प्रशांत कुमार 1990 बैच के पुलिस ऑफिसर हैं। वो बिहार में सीवान के रहने वाले हैं। प्रशांत कुमार अपने करियर की शुरुआत तमिलनाडु कैडर से की। बाद में वो उत्तर प्रदेश कैडर में शामिल हो गए। दरअसल प्रशांत कुमार ने उत्तर प्रदेश की 1994 बैच की आईएएस ऑफिसर डिंपल वर्मा से शादी की थी और इसी वजह से उन्होंने उत्तर प्रदेश कैडर में काम करना चुना। तब से लेकर अब तक वो उत्तर प्रदेश पुलिस में कई अहम भूमिका निभा चुके हैं। प्रशांत कुमार को योगी आदित्यनाथ का सबसे भरोसेमंद पुलिस ऑफिसर माना जाता है। साल 2022 के बाद पूरे राज्य के पुलिस कमिश्नर प्रशांत कुमार को ही रिपोर्ट करते हैं।

**2017 में मिली थी पश्चिमी यूपी को अपराध मुक्त करने की जिम्मेदारी**

साल 2017 में जब योगी आदित्यनाथ की सरकार बनी तो उन्होंने पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अपराध मुक्त करने की जिम्मेदारी प्रशांत कुमार को सौंपी। 2017 में ही उन्हें मेरठ जोन का एडीजी बनाया गया। प्रशांत कुमार ने भी सीएम के भरोसे को बनाए रखा। प्रशांत कुमार की लीडरशिप में ही राज्य में एनकाउंटर की झड़ी लग गई। एक के बाद एक अपराधी या तो गिरफ्तार होने लगे या फिर मुठभेड़ में मारे गए। उस दौर में राज्य में संजीव जीवा, मुकीम काला, सुंदर भाटी, अनिल दुजाना जैसे अपराधी काफी एक्टिव थे, लेकिन प्रशांत कुमार के मेरठ जोन के एडीजी बनने के बाद इन गैंग्स को खत्म कर दिया गया।






**उनके हाथ में है पूरे राज्य के लॉ एंड ऑर्डर की कमान**

इस जांबाज ऑफिसर की काबलियत को देखकर साल 2020 में उन्हें एडीजी लॉ एंड ऑर्डर बनाया गया। अब पूरे राज्य में कानून को दुरुस्त करना प्रशांत कुमार का काम था और उनके निशाने पर थे राज्य के बड़े माफिया अतीक अहमद और मुख्तार अंसारी। इस सुपर कॉप ने ही इन माफियाओं की क्राइम कुंडली तैयार की। अवैध संपत्तियों को ढहाना हो या फिर इनके शार्प शूटर को मार गिराना हो, उत्तर प्रदेश को क्राइम मुक्त करने की जिम्मेदारी प्रशांत कुमार बखूबी निभा रहे हैं। खुद प्रशांत कुमार 300 से ज्यादा एनकाउंटर कर चुके हैं और 175 से ज्यादा अपराधियों को अपनी गोली का निशाना बना चुके हैं।

**3 बार राष्ट्रपति से मिल चुका है वीरता के लिए अवॉर्ड**

अपनी ख़ास अंदाज़ की मूंछों से अलग नज़र आने वाले रियल लाइफ सिंघम प्रशांत कुमार ने पुलिस में आने से पहले MBA किया था। इसके अलावा Msc और Mphil जैसी बड़ी डिग्रियां भी उनके नाम हैं, लेकिन बावजूद इसके इस वीर ऑफिसर ने पुलिस की नौकरी को चुना। प्रशांत कुमार को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति से तीन बार पुलिस पदक मिल चुका है। उम्मीद की जानी चाहिए कि कानून के इस रखवाले की बुलंद हौसले से अपराधियों के हौसले यूँ ही पस्त होते रहेंगे।

# ट्रेजरी अफसर बन रिटायर सरकारी डाक्टर को ठगने वाला शातिर पश्चिमी बंगाल से गिरफ्तार

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून। ट्रेजरी अफसर बता रिटायर सरकारी डॉक्टर से 10.50 लाख रुपये ठगने वाले शातिर को पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने डाक्टर की पेंशन बनवाने का झांसा देकर खाते से रकम ट्रांसफर की थी।

गिरफ्तार हुए ठग के खिलाफ कोलकाता में भी साइबर ठगी का एक मुकदमा दर्ज है। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि हल्द्वानी निवासी सेवानिवृत्त डॉक्टर हरीश लाल को अक्तूबर 2022 में एक कॉल आई थी। कॉल करने वाले ने खुद को ट्रेजरी अफसर बताया था। डॉ. हरीश लाल कुछ दिन पहले ही रिटायर हुए थे। उनकी पेंशन बननी थी। ट्रेजरी अफसर का फोन समझकर वह असानी से ठग के जाल में फंस गए। साइबर ठग ने उनके फोन को रिमोट एक्सेस एप से अपने कंट्रोल में ले लिया और उनके खाते की जानकारी हासिल कर ली। बातों ही बातों में ओटीपी भी जान लिया। इसके बाद उनके खाते से कुल 10.50 लाख रुपये निकाल लिए। उन्होंने इसकी शिकायत हल्द्वानी पुलिस थाने को दी। जहां से मामला साइबर थाने को ट्रांसफर हुआ। एसटीएफ के अधीन चल रहे कुमाऊ साइबर थाने की टीम ने जांच में पाया कि यह रकम अलग-अलग खातों में जमा हुई। इन खातों से लिंक सारे मोबाइल नंबर बंद थे। जांच में पता चला कि खातों से रकम पश्चिम बंगाल और बिहार में एटीएम मशीनों से निकाली गई। इस पर एसटीएफ की टीमों को पश्चिम बंगाल रवाना किया गया। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में टीम करीब 15 दिन रही। इस बीच शनिवार को वहां से अभिषेक शॉ निवासी बिदुपुर, वैशाली बिहार को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से डेबिट कार्ड, 16 सिम कार्ड और मोबाइल फोन बरामद हुए हैं।

**कोलकाता से जमानत पर था अभिषेक**

अभिषेक शॉ को पूर्व में कोलकाता पुलिस ने भी साइबर ठगी के मामले में गिरफ्तार किया था। कुछ दिन बाद ही उसकी जमानत हो गई थी। उसकी ट्रांजिट रिमांड लेकर उत्तराखंड लाया गया है। पता चला है कि उसने उत्तराखंड के एक और व्यक्ति से एक लाख रुपये की ठगी की है। एसटीएफ एसएसपी ने बताया कि उसके पास से 16 सिम बरामद हुए हैं। इन सिम से वह विभिन्न लोगों को फोन करता था। इससे पूरे देश में ठगी करने की आशंका है। ऐसे में जहां-जहां उसने लोगों को ठगा है वहां की पुलिस को रिपोर्ट भेजी जाएगी। ताकि, अलग-अलग जगहों पर उसके खिलाफ मुदकमे दर्ज किए जा सके। ऐसा होने से उसकी आसानी से जमानत नहीं होगी।

**सरकारी साइटों से चुराते हैं नंबर**

वह विभिन्न वेबसाइट से नंबर निकालकर रिटायर्ड लोगों को ट्रेजरी अफसर बनकर कॉल करता है। इसके बाद उनके व्हाट्सएप पर पेंशन भुगतान संबंधी फार्मेट भेजता है। पेंशन के सभी देयकों का भुगतान करवाने के झांसे में लेकर उनके मोबाईल का एक्सेस लेकर सिम स्वेपिंग कर ली जाती है। इसके बाद उनके इंटरनेट बैंकिंग का एक्सेस लेकर धनराशि विभिन्न खातों में ट्रांसफर करवा ली जाती है। विभिन्न खातों में इंटरनेट बैंकिंग के जरिये मोबाईल नंबर बदलकर धनराशि प्राप्त कर ली जाती है। आरोपी नेटवर्क मार्केटिंग में काम कर चुका है। इसकी वजह से बातचीत करने व लोगों को झांसे में लेने में एक्सपर्ट है।